दो चरों वाले रखिक समीकरणों का युग्म

1. यदि x = a, y = b समीकरण x - y = 2 तथा x + y = 4 के हल हों तो a और b के मान क्रमशः हैं -

(a) (3, 5)

(b) (3, 6)

(c) (3, 1)

(d) (-1, -3)

उत्तर **(c)**

2. k के किस मान के लिए समीकरण 3x – y - 5 = 0 तथा 6x - 2y – k = 0 का कोई हल नहीं है?

(a) k = 2

(b) k ≠10

(c) k = 10

(d) k=5

उत्तर **(b)**

3. युगपत समीकरण 2x + 3y = 5 तथा 4x + 6y = 9 हैं। इनका निकाय हैं -

(a) असंगत हल

(b) अद्वितीय हल

(c) अनेक हल

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(a)**

4. विरोधी समीकरण युग्म में कितने हल होते हैं?

(a) कोई हल नहीं होता है

(b) एक हल होता है

(c) अनेक हल होता है

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(a)**

5. समीकरण युग्म x +2y = 4 तथा 2x + y = 12 का ग्राफीय निरूपण किस प्रकार की रेखाएँ होंगी?

(a) प्रतिच्छेदी रेखाएँ

(b) अप्रतिच्छेदी रेखाएँ

(c) समांतर रेखाएँ

(d) संगत रेखाएँ

उत्तर **(a)**

6. असंगत समीकरण के युग्म का हल क्या है?

(a) कोई नहीं

(b) अद्वितीय

(c) दो हल संभव

(d) इनमें से सभी

उत्तर **(a)**

7. आश्रित समीकरणों के युग्म का हल क्या है?

(a) अद्वितीय हल

(b) दो हल

(c) अनगिनत हल

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(c)**

8. दो रैखिक समीकरण $a_1x + b_1y + c_1 = 0$; $a_2x + b_2y + c_2 = 0$ है और $\frac{a_1}{a_2} = \frac{b_1}{b_2} \neq \frac{c_1}{c_2}$ है तो आलेख होगा-

(a) विरोधी

(b) अविरोधी

(c) समांतर

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(a)**

9. एक रैखिक समीकरण का घात होगा

(a) 0

(b) 2

(c) 1

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(c)**

10. समीकरण x + y = 6 के कितने हल हो सकते हैं?

(a) एक

(b) दो

(c) अनंत

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(c)**

11. एक रैखिक समीकरण जिसका कोई हल नहीं होता रैखिक समीकरण क्या कहलाता है?

(a) संगत युग्म

(b) असंगत युग्म

(c) 'a' और 'b' दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(b)**

12. यदि दो चरों में एक रैखिक समीकरण $2x + 3y – 6 = 0$ तो x-अक्षों तथा y-अक्षों को ये कहाँ काटते है ।

(a) (3, 2)

(b) (2, 3)

(c) (-3, -2)

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(a)**

13. युग्म समीकरणों $2x + y = 6; 4x - 2y = 4$ का

(a) कोई हल नहीं है

(b) दो हल है

(c) अद्वितीय हल है

(d) अपरिमित हल है

उत्तर **(d)**

14. दो चरों वाले रैखिक समीकरण के व्यापक रूप है –

(a) $ax + b = 0$

(b) $ax + by + c = 0$

(c) $by + c = 0$

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(b)**

15. रैखिक समीकरणों के आश्रित युग्म को क्या कहते है?

(a) संगत

(b) असंगत

(c) प्रतिच्छेदी

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(a)**

16. समीकरण निकाय $5x + 2y = 0$ और $ax - 3y = 0$ के अनगिनत हल के लिए a का मान है

(a) $-\frac{15}{2}$

(b) $\frac{15}{2}$

(c) $\frac{2}{15}$

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(a)**

17. समीकरण निकाय $x + y = 2$; $2x + ay = 4$ के अनगिनत हल के लिए a का मान होगा

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

उत्तर **(b)**

18. अद्वितीय हल वाला युगपत रैखिक समीकरण .....कहलाता है।

(a) विरोधी

(b) अविरोधी

(c) संगत

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(b)**

19. k के किस मान के लिए समीकरण $x +2y = 7$ तथा $2x + ky = 14$ संपाती होगा?

(a) 2

(b) 3

(c) 4

(d) 5

उत्तर **(c)**

20. दो चरों में रैखिक समीकरण युग्म का हल इनमें से कौन है?

(a) एक रेखा

(b) दो रेखाएँ

(c) एक बिन्दु

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(c)**

21. व्यापक समीकरण $a_1x + b_1y + c_1 = 0$ और $a_2x + b_2y + c_2 = 0$ में अद्वितीय हल के लिए क्या सम्बन्ध है?

(a) $\frac{a_1}{a_2} = \frac{b_1}{b_2} = \frac{c_1}{c_2}$

(b) $\frac{a_1}{a_2} = \frac{b_1}{b_2} \neq \frac{c_1}{c_2}$

(c) $\frac{a_1}{a_2} \neq \frac{b_1}{b_2}$

(d) $\frac{a_1}{a_2} \neq \frac{b_1}{b_2} \neq \frac{c_1}{c_2}$

उत्तर **(c)**

22. समीकरण $2x + 3y = 5$ में $x = 1$ हो तो y का मान क्या होगा?

(a) 2

(b) 3

(c) 4

(d) 1

उत्तर **(d)**

23. समीकरणों को हल करने में कौन-सी विधि उपयुक्त है?

(a) प्रतिस्थापन विधि

(b) विलोपन विधि

(c) वज्रगुणन विधि

(d) ग्राफीय विधि

उत्तर **(d)**

24. समीकरण निकाय $x + 2y = 3$, $5x + ky = 15$ के अनगिनत हल होने के लिए k का मान है

(a) 5

(b) 10

(c) 6

(d) 20

उत्तर **(b)**

25. समीकरण का प्रत्येक हल उसको निरूपित करने वाली रेखा पर स्थित है

(a) एक बिन्दु है

(b) दो बिन्दुएँ हैं

(c) तीन बिन्दुएँ है

(d) कोई बिन्दु नहीं है

उत्तर **(a)**

26. अगर दो रैखिक समीकरण के आलेख समांतर रेखाएँ हैं तो रैखिक समीकरण युग्म का

(a) अद्वितीय हल है

(b) दो हल है

(c) अनेक हल है

(d) कोई हल नहीं है

उत्तर **(d)**

27. $ax + by + c = 0$ दो चर वाले रैखिक समीकरण के हलों की संख्या इनमें से कौन होंगे?

(a) एक

(b) दो

(c) अनंत

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(c)**

28. दो चरों में रैखिक समीकरण युग्म $x + y = 2$ तथा $2x + 2y = 6$ निम्न में से कौन-सा गुण रखते हैं?

(a) प्रतिच्छेदी होते हैं

(b) लंबवत् होते हैं

(c) एक दूसरे के समांतर हैं

(d) इनमें से कोई नहीं है

उत्तर **(c)**

29. x तथा y का कौन मान युग्म समीकरण $4x - 3y – 10 = 0$ का हल हैं

(a) $x = -1, y = -2$

(b) $x = 1, y = +2$

(c) $x=3, y=4$

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(a)**

30. एक संख्या दूसरी संख्या से दुगुना है। दोनों संख्याओं का योग 27 है। संख्या क्या है?

(a) (9, 18)

(b) (6, 21)

(c) (10, 17)

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(a)**

31. इनमें से कौन सही है?

(a) धारा के अनुकूल चाल = तैराक की गति + धारा की गति

(b) धारा के अनुकूल चाल = तैराक की गति – धारा की गति

(c) धारा के अनुकूल चाल = धारा की गति – तैराक की गति

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(a)**

32. यदि $x + 2y - 5 = 0$ तथा $ax + (a - b)y = 10$ का अनंत हल हो तब

(a) $a + b = 1$

(b) $a + b = 2$

(c) $a + b = 3$

(d) $a + b = 0$

उत्तर **(d)**

33. दो रैखिक समीकरणों के आलेख समांतर रेखाएँ हैं तब रैखिक समीकरण युरम का:

(a) एक हल होगा

(b) दो हल होगा

(c) अद्वितीय हल होगा

(d) कोई हल नहीं है

उत्तर **(d)**

34. समीकरण युग्म $ax + 10y = 0$ और $2x + 5y = 0$ के एक शून्यत्तर हल होने के लिए a का मान होगा

(a) 2

(b) -4

(c) 4

(d) 5

उत्तर **(c)**

35. दो रेखाएँ सम्पाती हों तो उनके :

(a) अनेक हल होंगे

(b) कोई हल नहीं होंगे

(c) अद्वितीय हल होंगे

(d) इनमें से सभी होंगे

उत्तर **(a)**

36. यदि दो रैखिक समीकरणों के आलेख एक बिन्दु पर काटे तो समीकरण निकाय निम्नलिखित में से किस प्रकार का होगा?

(a) विरोधी

(b) अविरोधी

(c) आश्रित

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(b)**

37. जब दो रैखिक समीकरणों के आलेख प्रतिच्छेदी रेखाएँ हों तब रैखिक समीकरण युग्म का हल :

(a) अद्वितीय है

(b) अनेक है

(c) दो है

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(a)**

38. यदि समीकरण युग्म $a_1x + b_1y + c_1 = 0$ और $a_2x + b_2y + c_2 = 0$ के लिए $\frac{a_1}{a_2} = \frac{b_1}{b_2} = \frac{c_1}{c_2}$ तो निम्नलिखित में से कौन सही है ?

(a) युग्म का हल एक और केवल एक ही होगा

(b) युग्म के अनगिनत हल होंगे

(C) युग्म के कोई हल नहीं होंगे

(d) युग्म के दो हल होंगे।

उत्तर **(b)**

39. a के मान जिसके लिए समीकरण निकाय $10x + 5y = a - 5$ तथा $20x + 10y - a = 0$ के अनगिनत हल होंगे:

(a) 5

(b) -10

(c) 10

(d) 20.

उत्तर **(c)**

40. यदि समीकरण युग्म $3x + y = 1$ तथा $(2k - 1)x + (k - 1)y = 2k + 1$ असंगत है तो k का मान होगा?

(a) 0

(b) 1

(c) -1

(d) 2

उत्तर **(d)**

41. यदि समीकरण युग्म $2x + 3y = 7$ तथा $2ax + (a + b)y = 28$ के अनंत हल होने के लिए निम्नांकित में से कौन-सा संबंध सम्भव है ?

(a) $\frac{b}{2} = a$

(b) $\frac{a}{2} = b$

(c) $2a + b = 0$

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(a)**

42. यदि $(a + b)x - (a - b - 3)y = 4a + b$ तथा $2x - 3y = 7$ सम्पाती रेखाओं को निरूपित करे तो a और b के बीच सम्बन्ध होंगे

(a) $a + 5b = 0$

(b) $a = 5b$

(c) $b = 5a$.

(d) $a - 4b = 0$

उत्तर **(b)**

43. p के किस मान के लिए समीकरण युग्म $3px + by = \sqrt{50}$ तथा $\sqrt{18x} + \sqrt{24y} = \sqrt{75}$ सम्भव है ?

(a) $\sqrt{2}$

(b) $\sqrt{3}$

(c) $\sqrt{5}$

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(b)**

44. $4x + py + 8 = 0; 2x + 2y + 2 = 0$ तो p के किस मान के लिए हल अद्वितीय होगा?

(a) 4 के अलावे p के अतिरिक्त मान के लिए

(b) $p = 4$ के लिए

(c) $p \neq 3$ के लिए

(d) $p \neq 2$ के लिए

उत्तर **(a)**

45. $2x + 3y = 5$ का आलेख कैसा होगा?

(a) वक्र रेखा

(b) सरल रेखा

(C) एक वृत्त को प्रदर्शित करता है

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(b)**

46. यदि युग्म $a_1x + b_2y = c_1$ और $a_2x + b_2y = c_2$ के लिए $\frac{a_1}{a_2} = \frac{b_1}{b_2} = \frac{c_1}{c_2}$ हो तो निम्नांकित में से कौन सही है ?

(a) युग्म विरोधी है

(b) युग्म अविरोधी है

(c) युग्म आश्रित है

(d) इनमें से कोई नहीं है

उत्तर **(c)**

47. दो रेखाएँ समांतर हो तो उनका हल होगा:

(a) अनेक

(b) अद्वितीय

(c) कोई हल नहीं

(d) सभी उत्तर सही है

उत्तर **(c)**

48. दो रेखाएँ एक-दूसरे को एक बिन्दु पर प्रतिच्छेदित करते हैं तो उनका हल होगा:

(a) अनेक

(b) अद्वितीय

(c) कोई हल नहीं

(d) सभी उत्तर सही है

उत्तर **(b)**

49. $kx + 2y = 5; 3x + y = 1$ दिए गए निकाय में कोई हल न होने के लिए k का मान होगा?

(a) 3

(b) 2

(c) 6

(d) 5

उत्तर **(c)**

50. यदि दो रेखाएँ बिन्दु (1,0) पर प्रतिच्छेद करते हैं तो x और y के मान होंगे

(a) (1, 0)

(b) (0, 1)

(c) (0, 0)

(d) (1, 1)

उत्तर **(a)**

51. a का मान जिसके लिए समीकरण निकाय $ax – y = 2; 6x - 2y = 3$ के लिए एक अद्वितीय हल होगा

(a) 3

(b) $\neq 3$

(c) $\neq 0$

(d) 0

उत्तर **(b)**

52. यदि $x + 2y = 5$ एक समीकरण है; अगर $x=1$ है तो y के मान होंगे:

(a) 2

(b) 5

(c) 1

(d) 0

उत्तर **(a)**

53. यदि $a^1b_2 \neq a_2b_1$ तो समीकरण निकाय $a_1x + b_1y + c_1 = 0; a_2x + b_2y + c_2 = 0$ का हल होगा?

(a) अद्वितीय

(b) कोई हल नहीं

(c) अनगिनत

(d) सभी उत्तर सही है

उत्तर **(a)**

54. यदि समीकरण $4x + ky = 10$ तथा $2x – ky = 4$ के हल में $x = 1$ और $y = 2$ हो तो k का मान होगा:

(a) (3, 3)

(b) (2, 2)

(c) (2, 3)

(d) (3, 2)

उत्तर **(a)**

55. $\frac{a_1}{a_2} = \frac{b_1}{b_2} = 0$ किस प्रकार का समीकरण है?

(a) रैखिक समीकरण

(b) दो चर वाला रैखिक समीकरण

(c) 'a' एवं 'b' दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(b)**

56. k के किस मान के लिए समीकरण kx + 3y - (k - 3) = 0 और 12x + ky – k = 0 के अनेक हल होंगे?

(a) k = 1

(b) k = 2

(c) k = 3

(d) k = 6

उत्तर **(d)**

57. k के किस मान के लिए x + 2y = 7 और 2x + ky -14 सम्पाती है

(a) 2

(b) 3

(c) 4

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(c)**

58. रेखायुग्म 2x + 3y – 9 = 0; 4x + 6y – 18 = 0

(a) प्रतिच्छेद करती है

(b) सम्पाती है

(c) समांतर है

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(b)**

59. रेखाएँ x + 2y – 4 = 0; 2x + 4y – 12 = 0 आपस में होंगे –

(a) समांतर

(b) सम्पाती

(c) प्रतिक्षेदक

(d) इनमें से सभी

उत्तर **(a)**

60. a का मान जिसके लिए समीकरण निकाय ax + 10y = 0 और 2x + 5y = का एक शून्यत्तर हल होगा?

(a) a = 4

(b) a = 2

(c) a = -4

(d) a = -2

उत्तर **(a)**

61. किसी Δ के दो कोणों का योग तीसरे कोण के बराबर है। यदि दो कोणों का अन्तर 30° है तब Δ के कोण हैं?

(a) 30°,60°, 90°

(b) 45°,45°,45°

(C) 60°,60°,60°

(d) 30°,75°,75°

उत्तर **(a)**

62. निम्नलिखित रैखिक समीकरणों में से किस समीकरण युग्म का हल अद्वितीय होगा?

(a) x + y = 5; 2x +2y = 10

(b) x - y = 5; 3x-3y = 16

(c) 2x + y = 6; 4x - 2y = 4

(d) 2x - 2y – 2 = 0; 4x - 4y – 5 = 0

उत्तर **(c)**

63. यदि रैखिक समीकरण ax + by+ c = 0 और px + qy = r के आलेख प्रतिच्छेदी हों तो इनके हलों की संख्या होगी?

(a) 2

(b) 3

(c) 1

(d) 4

उत्तर **(c)**

64. दो संख्याओं का अन्तर 26 है तथा एक संख्या दूसरी संख्या की तिगुनी है तो संख्याएँ हैं

(a) 39, 13

(b) 12, 36

(c) 9, 27

(d) 4, 12

उत्तर **(a)**

65. दो सम्पूरक कोणों में बड़ा कोण छोटे कोण से 18° अधिक है तो कोण क्या है?

(a) 89°, 91°

(b) 99°, 81°

(c) 109°, 91°

(d) 119°, 109°

उत्तर **(b)**

66. दो संख्याओं का योगफल 50 है और यदि उनमें से एक संख्या दूसरी संख्या का $\frac{7}{3}$ गुनी हो तो संख्याएँ हैं :

(a) (35, 15)

(b) (45, 5)

(c) (25, 25)

(d) (10, 35)

उत्तर **(a)**

67. दो संख्याओं के अन्तर और योगफल क्रमश: 4 और 6 हैं तो संख्याएँ हैं :

(a) (4, 1)

(b) (5, 1)

(c) (6, 1)

(d) (7,21)

उत्तर **(b)**

68. एक संख्या दूसरी संख्या की तीन गुनी है एवं योगफल 16 है तो संख्याएँ –

(a) (2, 6)

(b) (6, 18)

(c) (4, 12)

(d) (7, 21)

उत्तर **(c)**

69. यदि किसी भिन्न के अंश में 1 जोड़ने पर और हर में 1 घटाने पर भिन्न 1 हो जाता है जबकि केवल हर में 1 जोड़ने पर $\frac{1}{2}$ हो जाता है तो भिन्न है:

(a) $\frac{2}{3}$

(b) $\frac{3}{5}$

(C) $\frac{4}{5}$

(d) $\frac{7}{5}$

उत्तर **(b)**

70. समीकरण निकाय $x + 2y = 3; 5x + ky = 15$ के अनगिनत हल होने के लिए k का मान है

(a) 5

(b) 10

(c) 6

(d) 20

उत्तर **(b)**

71. a का मान जिसके लिए समीकरण निकाय $ax – y = 2; 6x - 2y = 3$ का एक अद्वितीय हल होगा: (a) 3

(b) $\neq 3$

(c) $\neq 0$

(d) 0

उत्तर **(b)**

72. अचर m के किस मान के लिए $mx + 2y = 5$ और $3x + y = 1$ को अद्वितीय हल होगा?

(a) $m = 6$

(b) $m = 15$

(c) $m \neq 6$

(d) $m \neq 15$

उत्तर **(c)**

73. एक नोट बुक की कीमत एक कलम की कीमत से दोगुनी है। इस कथन को निरूपित करने वाला समीकरण है:

(a) $x - 2y = 0$

(b) $x + 2y = 0$

(c) $x + y = 0$

(d) $x - y = 0$

उत्तर **(b)**

74. समीकर $x - \frac{z}{5} - 10 = 0$ में b का मान क्या है ?

(a) -5

(b) $-\frac{1}{5}$

(c) 5

(d) $\frac{1}{5}$

उत्तर **(b)**

75. समीकरण $x = 3y$ में c का मान क्या है?

(a) 0

(b) 1

(c) 2

(d) 3

उत्तर **(a)**

76. समीकरण $5 = 2x$ में a का मान क्या है?

(a) 1

(b) -5

(c) 2

(d) -2

उत्तर **(c)**

77. बिन्दु (2, 14) से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण है:

(a) x + y = 16

(b) x – y = 16

(c) 2x + y = 14

(d) x + 2y = 14

उत्तर **(a)**

78. बिन्दु (3, 4) समीकरण 3y = ax + y के आलेख पर स्थित है तो a का मान क्या होगा?

(a) $\frac{1}{3}$

(b) $\frac{2}{3}$

(c) $\frac{4}{3}$

(d) $\frac{5}{3}$

उत्तर **(d)**

79. समीकरण y = mx द्वारा प्रदर्शित रेखा किस होकर गुजरती है ?

(a) x-अक्ष

(b) y-अक्ष

(c) मूल बिन्दु

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(c)**

80. समीकरण युग्म s – t =3; $\frac{t}{3} = \frac{t}{2} = 6$ का हल है :

(a) s = 3, t = 2

(b) s = 4, t = 3

(c) s = 9, t = 6

(d) s = 2, t = 3

उत्तर **(c)**

81. समीकरण युग्म $\frac{x}{2} = \frac{2y}{3} = -1$; $x - \frac{y}{3} = 3$ का हल है :

(a) x = 2, y = -3

(b) $x = \frac{7}{13}$, $y = \frac{-3}{13}$

(c) $x = \frac{6}{13}$, $y = \frac{7}{13}$

(d) $x = \frac{3}{13}$, $y = \frac{-5}{13}$

उत्तर **(a)**

82. समीकरण युग्म px + qy = p - q; qx – py = p + q का हल है

(a) x=p, y =q

(b) x = 1, y = -1

(C) x = 1, y=-1

(d) x = 0, y = 1

उत्तर **(c)**

83. समीकरण युग्म xb – ay = 0; ax + by = $a^2 + a^2$ का हल है:

(a) x = 1, y=1

(b) x = -1, y = -1

(c) x=a, y=b

(d) x = -a; y = -b

उत्तर **(c)**

84. p के किस मान के लिए समीकरण युग्म 4x + py + 8 = 0, 2x + 2y +1 = 0, 2x+2y +2 का एक अद्वितीय हल होगा:

(a) $p \neq 2$

(b) $p \neq 3$

(c) $p \neq 4$

(d) $p \neq 5$

उत्तर **(c)**

85. k के किस मान के लिए समीकरण युग्म (k - 1) x+2y = 2; x + y=2k के अपरिमित रूप से अनेक हल हैं:

(a) k = 3

(b) $k = \frac{1}{2}$

(c) $k = -\frac{1}{2}$

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(a)**

86. समीकरण $x - 4\sqrt{3}y$ में a, b और c के मान हैं :

(a) a = 1, b = -4, c = $\sqrt{3}$

(b) a = 1, b = $-\sqrt{3}$, c = - 4

(c) a = x, b= y , c = 4

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(b)**

87. समीकरण 4- 3x को दो चरों वाले समीकरण के रूप में व्यक्त करें:

(a) -3 + 0y + 4 =0

(b) -3x + 4 + y= 0

(c) 4x - 3y + 3 = 0

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(a)**

88. समीकरण $2x = -5y$ में a, b और c का मान है।

(a) a =2, b = -5, c=1

(b) a = 2, b=5, c=1

(c) a = 2, b = 5, c =0

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर **(c)**

89. निम्नलिखित में कौन युग्म समीकरण $x - 2y = 4$ का हल है:

(a) (0, 2)

(b) (2, 0)

(c) (4, 0)

(d) $(\sqrt{2}, 4\sqrt{2})$

उत्तर **(c)**

90. यदि $2x + ky = 3$ और $x – hy - 2$ के हल $x =1, y = 3$ हो तो h और k का मान निम्नलिखित में से क्या होगा?

(a) (3, -3)

(b) $\left(-\frac{1}{3}, \frac{1}{3}\right)$

(c) $\left(\frac{1}{3}, \frac{1}{3}\right)$

(d) (-3, 3)

उत्तर **(c)**